भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार
कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार

Indian Council of Medical Research
Department of Health Research, Ministry of Health
and Family Welfare, Government of India

संख्या एफपी-22(107)/2026-स्था. दिनांक: - 06 नवंबर 2026

कार्यालय आदेश

विषय: - परिषद में प्रशासन अधिकारी के पद पर कार्यभार ग्रहण करने - के संबंध में।

परिषद के दिनांक 16 अक्टूबर, 2026 के पत्र संख्या 6-2(12)/2023-स्था. के संदर्भ में, तथा सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदनानुसार, निम्नलिखित अभ्यर्थी को समय-समय पर जारी नियमों के अधीन यथाग्राह्य सामान्य भत्तों के साथ वेतन मैट्रिक्स (₹56,100-₹1,77,500) के वेतन स्तर-10 में भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद में सीधी भर्ती के माध्यम से प्रशासन अधिकारी के पद पर अस्थाई रूप से नियुक्ति प्रदान की जाती है, उनकी नियुक्ति कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से लागू होगी। उनकी नियुक्ति नीचे बताए गए संस्थान में की जाती है:

क्रं.सं.	नाम	कार्यभार ग्रहण करने की तारीख	तैनाती
1.	श्री विनीत जैन	05 नवंबर, 2026	एनआईसीएचआर, दिल्ली

2. यह नियुक्ति अनंतिम है तथा सरकारी अस्पताल द्वारा विधिवत गठित चिकित्सा बोर्ड से चिकित्सीय जांच और निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार संबंधित प्राधिकारियों द्वारा उनके चरित्र एवं पूर्ववृत्त तथा जाति प्रमाण-पत्र (यदि लागू हो) के सत्यापन के अधीन है।

3. वे कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से दो वर्ष की अवधि तक परिवीक्षा पर रहेंगे। यघपि, सक्षम प्राधिकारी केंद्रीय सरकार द्वारा समय-समय पर जारी अनुदेशों के अनुसार परिवीक्षा अवधि को बढ़ा सकते है।

4. वे परिषद के तहत सेवा की सामान्य शर्तों और विनियमों के अधीन शासित होंगे।

5. उनका वेतन 7वें केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों तथा केंद्रीय सिविल सेवा (संशोधित वेतन) नियमावली, 2016 के प्रावधानों के अनुसार नियत किया जाएगा।

6. इस मद पर होने वाला व्यय, परिषद मुख्यालय के वर्ष 2026-2027 के बजट में "वेतन और भत्ते" शीर्षक के तहत किए गए प्रावधानों से पूरा किया जाए।

7. दिनांक 16 अक्टूबर, 2026 के पत्र संख्या 6-2(12)/2023-Estt. में उल्लेखित अन्य सभी नियम एवं शर्तें यथावत रहेंगी।

वी. रामलिंगस्वामी भवन, पोस्ट बॉक्स नं. 4911,
अंसारी नगर, नई दिल्ली - 110 029, भारत
V. Ramalingaswami Bhawan, P.O. Box No. 4911,
Ansari Nagar, New Delhi - 110 029, India

Tel: +91-11-26588895 / 26588980 / 26589794
+91-11-26589336 / 26588707
Fax: +91-11-26588662 | icmr.nic.in

-हस्त-
(जयबीर सिंह)
सहायक महानिदेशक (प्रशा.)

श्री विनीत जैन,
प्रशासन अधिकारी, परिषद मुख्यालय।

प्रतिलिपि :

1. परिषद के महानिदेशक / अपर महानिदेशक (आई/एम एंड ई/एम)/ वरिष्ठ उप महानिदेशक (प्रशा.)/ वरिष्ठ वित्त सलाहकार के निजी सचिव।
2. उप महानिदेशक (प्रशा.)/ सहायक महानिदेशक (प्रशा.) (आरएंडपी)/ सहायक महानिदेशक,दोनों (एफएंडए)।
3. उप निदेशक, स्थापना-I, कर्मचारी राज्य बीमा निगम, पंचदीप भवन, सी.आई.जी. मार्ग, नई दिल्ली-110002 अपने दिनांक 04.11.2026 के कार्यालय आदेश संख्या A-20/11/68/2024-Estt.V(E887675) का अवलोकन करें।
4. वरिष्ठ प्रशासन अधिकारी, सतर्कता सेल, परिषद मुख्यालय।
5. नोडल अधिकारी, आरक्षण सेल, परिषद मुख्यालय।
6. नोडल अधिकारी, ई-गवर्नेंस सेल, परिषद मुख्यालय को अनुरोध सहित कि उक्त आदेश को परिषद पोर्टल पर अपलोड करने की कृपा करें।
7. नोडल अधिकारी, आरटीआई सेल, परिषद मुख्यालय।
8. आहरण एवं वितरण अधिकारी /बिल अनुभाग, परिषद मुख्यालय।
9. लेखा अनुभाग-VI, परिषद मुख्यालय।
10. बजट अनुभाग/गार्ड फाइल/संबंधित अधिकारियों की व्यक्तिगत फाइल।